Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय – 03 | रीढ़ की हड्डी (जगदीश चंद्र माथुर)

## QUIZ-02

**1. उमा मुँह फुलाए क्यों बैठी थी?**

A. उसे पसंद का खाना नहीं मिला था
B. माँ ने उसे डाँटा था
C. उसे तैयार होने के लिए मजबूर किया जा रहा था
D. सहेली मिलने नहीं आई थी (C)

***व्याख्या :*** उमा इसलिए मुँह फुलाए बैठी थी क्योंकि उसे ज़बरदस्ती तैयार होने के लिए कहा जा रहा था।

**2. प्रेमा उमा को सिर चढ़ाने के लिए किसे जिम्मेदार मानती है?**

A. खुद को | B. पड़ोसियों को
C. रामस्वरुप को | D. सहेलियों को (C)

***व्याख्या :*** प्रेमा का मानना था कि रामस्वरुप ने ही उमा को पढ़ा-लिखाकर सिर चढ़ा दिया है।

**3. रामस्वरुप ने ग्रामोफोन का उदाहरण क्यों दिया?**

A. संगीत की सुंदरता बताने के लिए
B. प्रेमा की लगातार बातों की तुलना करने के लिए
C. उमा को चुप कराने के लिए
D. मेहमानों का स्वागत करने के लिए (B)

***व्याख्या :*** उन्होंने ग्रामोफोन का उदाहरण प्रेमा की लगातार बातों की तुलना के लिए दिया।

**4. प्रेमा ने उमा को तैयार करने के लिए क्या दिया था?**

A. गहने और चूड़ियाँ
B. पाउडर और सिंगार की चीज़ें
C. किताबें और नोटबुक
D. नई साड़ी और जूते (B)

***व्याख्या :*** प्रेमा ने उमा के सामने पाउडर और सिंगार की चीज़ें रखी थीं।

**5. रामस्वरुप ने प्रेमा को किस बात के लिए डाँटा?**

A. खाना न बनाने के लिए
B. उमा को डाँटने के लिए
C. मेहमानों के सामने अनावश्यक बातें कह देने के डर से
D. मेहमानों का स्वागत न करने के लिए (C)

***व्याख्या :*** उन्होंने प्रेमा को इसलिए डाँटा क्योंकि उन्हें डर था कि वह मेहमानों के सामने सब उगल देगी।

**6. प्रेमा का मानना था कि उनके समय में लड़कियों के लिए कौन-सी शिक्षा पर्याप्त थी?**

A. एम.ए. तक पढ़ाई | B. बी.ए. तक शिक्षा
C. 'आई', गणित और 'स्त्री-सुबोधिनी' पढ़ लेना
D. डॉक्टर की पढ़ाई (C)

***व्याख्या :*** प्रेमा ने कहा कि उनके समय में 'आई', गणना और 'स्त्री-सुबोधिनी' पढ़ लेना काफी था।

**7. प्रेमा ने उमा के किस व्यवहार से हार मान ली थी?**

A. उसके चुप रहने से | B. उसके गुस्से से
C. उसके पढ़ाई-लिखाई से ऊब जाने से
D. उसके आंचल में मुँह लपेटकर लेट जाने से (D)

***व्याख्या :*** जब उमा आंचल में मुँह लपेटकर लेट गई तो प्रेमा ने हार मान ली।

**8. रामस्वरुप के अनुसार, लड़कियों के सहारे कौन-सा कारोबार चलता है?**

A. कपड़ों का | B. जेवर का
C. पाउडर का | D. किताबों का (C)

***व्याख्या :*** उन्होंने कहा कि लड़कियों के सहारे पाउडर का कारोबार चलता है।

**9. प्रेमा का मानना था कि यदि उमा इंटर पास कर लेती तो क्या होता?**

A. वह घरवालों के नियंत्रण में रहती
B. उसे और परेशानियाँ झेलनी पड़तीं
C. वह खुद कमाने लगती
D. वह विवाह के लिए तैयार हो जाती (A)

***व्याख्या :*** प्रेमा मानती थी कि यदि उमा इंटर पास कर लेती तो वह उनके नियंत्रण में रहती।

**10. इस अंश से कौन-सा संदेश मिलता है?**

A. शिक्षा का कोई महत्व नहीं है
B. बनावटी सजावट ही सुंदरता है
C. वास्तविक सुंदरता और शिक्षा को नज़रअंदाज नहीं करना चाहिए
D. बेटियों को सिर चढ़ाना ठीक नहीं है (C)

***व्याख्या :*** इस अंश से यह शिक्षा मिलती है कि असली सुंदरता और शिक्षा की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App